







# रोड नहीं तो टोल नहीं
# बरेठा टोल प्लाजा पर संतों ने लगाए झंडे

**नवभारत न्यूज**
**भिंड/ गोहद/ मालनपुर, 13 मार्च।** नेशनल हाईवे 719 के चौड़ीकरण की मांग को लेकर संत समाज का आंदोलन अब तेज होता नजर आ रहा है। शुक्रवार को संतों ने बरेठा स्थित टोल प्लाजा पर पहुंचकर विरोध दर्ज कराया और स्पष्ट शब्दों में कहा कि रोड नहीं तो टोल नहीं।

**एनएच 719 को 6 लेन बनाए जाने की मांग को 16 मार्च से धूनी रमाकर अनिश्चितकालीन आंदोलन का एलान**

संतों ने टोल प्लाजा परिसर में झंडे लगाकर चेतावनी दी कि यदि जल्द ही हाईवे चौड़ीकरण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो 16 मार्च से संत समाज यहीं धूनी रमाकर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करेगा।

शुक्रवार को सुबह प्रमुख संतजन बरेठा स्थित बालाजी हनुमान मंदिर पहुंचे जहां हनुमान जी की विधिवत पूजा- अर्चना की गई। इसके बाद संत समाज के प्रतिनिधि और उनके अनुयायी जुलूस के रूप में टोल प्लाजा पहुंचे और वहां बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। संतों ने टोल प्लाजा पर झंडे स्थापित कर सांकेतिक रूप से आंदोलन की शुरुआत कर दी। संतों का कहना है कि इटावा-ग्वालियर हाईवे लंबे समय से जर्जर हालत में है और इसके चौड़ीकरण का कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है। खराब सड़क के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं जिससे आम जनता की जान जोखिम में पड़ रही है। ऐसे में जब सड़क की हालत ही ठीक नहीं है तो टोल वसूली को किसी भी स्थिति में जायज नहीं ठहराया जा सकता। आंदोलन में शामिल संतों ने कहा कि यह फिलहाल सांकेतिक प्रदर्शन है लेकिन यदि प्रशासन और संबंधित विभाग ने जल्द कोई ठोस निर्णय नहीं लिया तो 16 मार्च से संत समाज बरेठा टोल प्लाजा पर ही धूनी रमाकर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करेगा। संतों ने यह भी कहा है कि आंदोलन में बड़ी संख्या में साधु-संत और आमजन शामिल होंगे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता राहुल भदौरिया भी अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और संतों के आंदोलन का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि हाईवे चौड़ीकरण का मुद्दा लंबे समय से लंबित है जिससे क्षेत्र की जनता परेशान है। सरकार को इस दिशा में तुरंत ठोस कदम उठाने चाहिए। हालांकि इस पूरे मामले पर टोल निवेशक कंपनी पहले ही अपना पक्ष रख चुकी है।

संतजन में संत कालीदास महाराज, संत हरिनिवास अवधूत चिलोंगा महाराज, संत जड़ेरुआ सरकार, संत त्यागी बाबा शनि धाम, संत कुंडेश्वर महाराज, संत कमलपुरी महाराज, संत गरीब दास महाराज, संत बलीरामदास महाराज, संत हरिहरानंद महाराज के अलावा राजनेताओं में राहुल सिंह भदौरिया, भूपेंद्र कराना, देवेश शर्मा, रॉकी तोमर, रिशेंद्र राजावत, अनिल गुर्जर पार्षद मालनपुर, पूर्व सैनिक कल्याण संघ जिला अध्यक्ष सूबेदार मेजर राम अवतार सिंह परमार, चौधरी दीपक सिंह गुर्जर, पप्पू सरपंच, बलराम सिंह, फेरन सिंह राजावत, कौशलेंद्र सिंह भदौरिया बिजोरा, धर्मराज सिंह तोमर, मनोज भदौरिया, मोनू भदौरिया बिजोरा, नीरू राजावत, धर्मेंद्र सिंह, अरुण शर्मा फौजी जोरी कोतवाल, धर्मेंद्र सिंह राजावत, पुखराज भटेले आदि शामिल रहे।

**प्रशासन की नजर आंदोलन पर टिकी**

कंपनी का कहना है कि इटावा- ग्वालियर हाईवे के चौड़ीकरण से टोल निवेशक का कोई सीधा संबंध नहीं है और यह कार्य संबंधित विभाग और एजेंसी के स्तर पर होना है। फिलहाल संत समाज की चेतावनी के बाद प्रशासन की नजर इस आंदोलन पर टिक गई है। यदि 16 मार्च से संत समाज वास्तव में टोल प्लाजा पर धूनी रमाकर बैठ जाता है तो क्षेत्र में टोल वसूली और यातायात व्यवस्था पर भी इसका बड़ा असर पड़ सकता है।

# पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की व्यवस्थाओं में नहीं रहना चाहिए कोई कमी

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 13 मार्च।** गोहद नगर के महर्षि अरविंद महाविद्यालय प्रांगण में 20 मार्च से 25 मार्च तक भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं गजरथ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा मेडिटेशन गुरु उपाध्याय विहसंत सागर महाराज के सानिध्य में आयोजन होगा। इसकी तैयारियों की सिलसिले में कार्यक्रम स्थल पर सभागार में एसडीएम राजन वी नाडिया ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं सकल दिगंबर जैन समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

**एसडीएम ने ली प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक**





बैठक में बताया गया कि कार्यक्रम में विशेष आगंतुकजन में राज्यपाल मंगू भाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल, कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला सहित अन्य प्रतिनिधियों का आगमन होना है तथा बड़ी संख्या में विभिन्न स्थानों से श्रद्धालुजन शामिल होंगे। इसलिए मैदान की साफ सफाई, समतलीकरण, 11 केव्ही की बिजली लाइन की शिफ्टिंग, पानी की समुचित व्यवस्था अस्थाई शौचालय व्यवस्था, डिवाइडर की रंगाई पुताई एवं डिवाइडर पर लगी हुई सभी लाइटों को दुरुस्त करने तथा आवागमन हेतु बैरिगेटिंग करने एवं समुचित ट्रैफिक व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था, फायर ब्रिगेड व्यवस्था एवं साफ सफाई की व्यवस्था रखने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया।

इसके साथ ही सभी अधिकारियों से कहा कि कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त रहे वही प्रतिनिधियों चयन समाज की प्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि समुचित व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने में सहयोग करें। बैठक के दौरान एसडीएम के अलावा जनपद पंचायत सीईओ रामपाल बघेल, बीएमओ वासुदेव सिकारिया, बीआरसीसी विजय शर्मा, विद्युत विभाग से के सिंह, नगर पालिका प्रतिनिधि बनवारी लाल गुप्ता, पीडब्ल्यूडी अधिकारी एवं कालेज स्टाफ शिवानी सिंघड़, एसंजय गुप्ता, पारस सिंघई, विवेक जैन, विनोद जैन अरविंद जैन, अशोक जैन, जिनेन्द्र जैन, गजेन्द्र जैन, विकास जैन, कल्पित जैन, सतेंद्र जैन, दुर्गेश गुप्ता, राखी जैन, अमिता जैन, रेनू जैन, आरती जैन, अनुराग जैन, बंटी जैन सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## एक नजर में

### जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 प्रतियोगिता हुई

**मेहगांव, 13 मार्च।** महाविद्यालय में आज जल गंगा संवर्धन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.के डबरिया ने की। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गिरिजा नरवरिया के निर्देशन में किया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जल जीवन का आधार है और वर्तमान समय में जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से जल बचाने और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जल संरक्षण विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। आभार डॉ. रेखा सुमन द्वारा व्यक्त किया गया।



### 24 को दिल्ली के आंदोलन में भागीदारी का किया आह्वान

**भिंड।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा 24 मार्च के दिल्ली मार्च में शामिल होने का आह्वान करने के लिए जत्था निकाला जा रहा है। जन आक्रोश जत्था आज दूसरे दिन सुबह गोहद से शुरू होकर चितौरा होता हुआ झांकरी पहुंचा। जहां बस स्टैंड पर सभा हुई। सभाओं को माकपा राज्य सचिव मंडल सदस्य गण रामविलास गोस्वामी, अशोक तिवारी, जिला सचिव ओपी बाथम, पीएन माहौर, राजेश शर्मा, भूपेंद्र सिंह गुर्जर,ए राजेंद्र सिंह कुशवाह, वीरबल सिंह, सुनील माहौर आदि ने संबोधित किया।





### सूर्या में राष्ट्रीय सुरक्षा माह पर प्रोपेन गैस रिसाव की मॉक ड्रिल आयोजित

**मालनपुर।** राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस/माह के उपलक्ष्य में औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर स्थित सूर्या रोशनी लिमिटेड में प्रोपेन गैस रिसाव के परिदृश्य पर एक वृहद मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के उप-निदेशक आनंद राय सरदार की उपस्थिति में आयोजित इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में संयंत्र की तैयारियों और सुरक्षा प्रणालियों को परखना था। मॉक ड्रिल की सफलता पर प्लांट हेड तपन कुमार बंद्योपाध्याय और सीसीओ सौरभ भार्गव ने सभी टीमों के बीच बेहतर समन्वय की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। वीरेंद्र दहायत-ईएचएस हेड , पुष्पमणि पांडे ( सिक्योरिटी अफसर), विनोद सिंह परिहार और साइट कंट्रोलर मनीष गुप्ता के मार्गदर्शन में पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई। मानव संसाधन विभाग से मुकुल चतुर्वेदी (हेड एच आर ), पुरुषोत्तम लाल और संजय सिंह कुशवाह, समन्वय के लिए विनोद आसरे (वेलफेयर ऑफिसर), तथा असेंबली पॉइंट कंट्रोलर के रूप में दिनेश सिंह चौहान व उमेश मिश्रा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

**मालनपुर।** बीते रोज क्रोमटन ( सीजी पावर) फैक्ट्री में अज्ञात बदमाशों द्वारा सुरक्षा गार्ड को गोली मार दी गई थी घटना के बाद क्षेत्र में काम कर रहे कर्मचारियों में भय का माहौल था जिसको लेकर भिंड कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा और पुलिस अधीक्षक डॉ असित यादव के निर्देशन में और गोहद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजन नाडिया और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महेंद्र गौतम के मार्गदर्शन में पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से औद्योगिक क्षेत्र में वाहनों के काफिले के साथ फ्लैग मार्च निकाला अगर कोई भी एजेंसी संचालक ब्लैक में गैस सिलेंडर विक्रय करता है तो उस पर कार्यवाही की जाएगी। फ्लैग मार्च के दौरान गोहद एसडीएम राजन नाडिया, एसडीओपी महेंद्र गौतम, नायब तहसीलदार राकेश श्रीवास्तव, नगर परिषद उप यंत्री, एमपीआईडीसी की टीम,श्रम अधिकारी एवं उप निरीक्षक बलवंत सिंह यादव दलबल के साथ फ्लैग मार्च में सम्मिलित हुए।

# पूर्व सैनिक संगठन के विरोध के बाद मिहोना थाना प्रभारी लाइन अटैच

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 13 मार्च।** मिहोना थाना प्रभारी टीआई विजय केन पर पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष एवं रिटायर्ड सूबेदार मेजर राकेश सिंह कुशवाह के साथ कथित मारपीट के आरोप के बाद शुक्रवार को पूर्व सैनिकों में भारी आक्रोश देखने को मिला।

**पुलिस अधीक्षक ने दिए जांच के निर्देश**



मामले को लेकर सैकड़ों पूर्व सैनिक शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे मिहोना थाने के बाहर एकत्रित हुए और धरने पर बैठ गए।प्रदर्शनकारियों ने थाने के बाहर नारेबाजी करते हुए थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पूर्व सैनिकों ने आरोप लगाया कि उनके संगठन के अध्यक्ष रिटायर्ड सूबेदार मेजर राकेश सिंह कुशवाह के साथ थाना प्रभारी द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया जिससे पूर्व सैनिकों में रोष व्याप्त हो गया। पूर्व सैनिकों का धरना- प्रदर्शन देर शाम तक जारी रहा और उन्होंने थाने का घेराव कर प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी सतर्क रहा और स्थिति पर लगातार नजर रखी गई। इधर पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव ने तत्काल संज्ञान लिया और थाना प्रभारी टीआई विजय केन को लाइन अटैच कर दिया। साथ ही उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के निर्देश भी दिए हैं। एसपी ने स्पष्ट किया कि पुलिस विभाग में अनुशासन और मर्यादा सर्वोपरि है तथा किसी भी प्रकार की शिकायत को गंभीरता से लिया जाता है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई के बाद पूर्व सैनिकों ने भी निष्पक्ष जांच की उम्मीद जताई है। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि पूरे मामले की पारदर्शी तरीके से जांच कर न्यायोचित निर्णय लिया जाएगा।



# आगजनी होने पर सतर्कता से करना होता है सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग

**भिंड, 13 मार्च।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी (एमपीयूडीसी) द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत भिंड में श्रमिकों के लिए अग्नि एवं आगजनी से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव संबंधी प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण में श्रमिकों को आग लगने की स्थिति में सतर्कता, प्राथमिक बचाव उपायों तथा सुरक्षा उपकरणों के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों को कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और दुर्घटनाओं की स्थिति में सही तरीके से प्रतिक्रिया देना सिखाया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 50 श्रमिकों ने भागीदारी की। प्रशिक्षण का समन्वय समुदायिक विकास अधिकारी सोनिका शर्मा ने किया।

# नेचुरल गैस के आर्थिक संकट से उद्योग पर भी दिखने लगा असर

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 13 मार्च।** सूर्या रोशनी के सी.ई.औ. वसुमित्र पाण्डे ने बताया कि भारतीय लाइटिंग उद्योग में सूर्या रोशनी एक जाना पहचाना एंव पुराना नाम है। जिसके पास वर्ल्ड क्लास ग्लास प्लांट है, जो कि पूरी तरह से नैचुरल गैस पर निर्भर है। जिस प्रकार नेचुरल गैस में कटौती की गई है उससे ग्लास प्लांट को चलाना संभव नहीं है, क्योकि यह निरंतर चलने वाला प्लांट है एवं जिस मूल्य पर गैस उपलब्ध कराई जा रही है उससे आज के इस प्रतिस्पर्धी बाजार में उत्पाद को बेचना संभव नहीं। ऐसे में यदि उत्पादन को कम किया गया तो लागत मूल्य बढ़ने के साथ रोजगार पर भी बड़ा असर देखने को मिलेगा।जिस प्रकार दैनिक अखबारों एवं विभिन्न खबरों के माध्यम से दिखाया जा रहा है कि फिरोजाबाद, गुजरात एवं अन्य राज्यों में ग्लास और सेरेमिक उद्योग किस मुश्किल दौर से गुजर रहे है उसी प्रकार अब इसका असर मध्य प्रदेश की औद्योगिक इकाइयों पर भी दिखने लगा है।केन्द्र सरकार और गेल कंपनी द्वारा 20 प्रतिशत खपत की कटौती करने के निर्देश दिए गए उससे लगातार उत्पादन करने में रूकावट आ रही है। एक ओर केन्द्र और राज्य सरकार उत्पादन एवं निर्यात को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करती है। वहीं दूसरी ओर नियमित गैस में कटौती कर अन्य गैस 2.5 से 3 गुना महंगे मूल्य पर दे रही है। जिससे उत्पादन लागत बढ़ेगी और उत्पाद की कीमत ज्यादा होने से उत्पाद को बेचना मुश्किल हो जायेगा। ऐसे में केन्द्र और राज्य सरकार के पास कर भी कम आएगा।



मध्य प्रदेश में वैट की दर 14 प्रतिशत है वहीं अन्य एवं पड़ौसी राज्यों में वैट की दर 3 से 8 प्रतिशत है। पूर्व में भी अनेकों बार राज्य सरकार से अनुरोध है किया है कि अन्य राज्यों के समान वैट दर में कटौती की जाय। यदि राज्य सरकार इस मुश्किल घड़ी में भी अस्थाई समय के लिए वैट की दर 8 प्रतिशत या उससे कम करे, जिससे उत्पादन लागत कम हो एवं प्रतिस्पर्धा के दौर में हम खड़े रह सकें।

# कलचुरी शिवहरे महिला मंडल ने मनाया होली मिलन




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 13 मार्च।** शहर के बद्री प्रसाद की बगिया में कलचुरी शिवहरे महिला मंडल के द्वारा होली मिलन समारोह मनाया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और फूलों की होली खेली। राधा कृष्ण की झांकी लगाकर होली के गानों पर नृत्य भी किया गया। अध्यक्ष कामिनी शिवहरे ने कहा कि होली का त्योहार रंगों से भरा हुआ है और महिलाओं को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-कर भाग लेना चाहिए। इससे भाईचारा बढ़ता है और महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ होती हैं और उन्हें आगे बढ़कर समाज के विकास में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर महिलाओं ने होली के गानों पर नृत्य किया और एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का आयोजन कलचुरी शिवहरे महिला मंडल के द्वारा किया गया था। मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्ष कामिनी शिवहरे संरक्षक रानी शिवहरे संरक्षक हेमा शिवहरे नीलम शिवहरे ज्योति शिवहरे रेनू शिवहरे अनीता शिवहरे सुनीता शिवहरे नेहा शिवहरे कविता शिवहरे मालती शिवहरे नीतू शिवहरे रेखा शिवहरे प्रियंका शिवहरे उषा शिवहरे रत्न शिवहरे पारुल शिवहरे कुसुम शिवहरे सुनीलम शिवहरे निर्मला शिवहरे के अलावा अन्य महिलाएं मौजूद रही।

# मेहगांव में स्व . शुक्ला की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभाएं







**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 13 मार्च।** प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला के पिताश्री स्व. शिवकुमार शुक्ला एडवोकेट की पुण्यतिथि शुक्रवार को नगर के विभिन्न स्थानों पर भावपूर्ण ढंग से मनाई गई। सत्र न्यायालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और नगरपरिषद कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोगों ने उनकी स्मृति को नमन किया। स्व. शुक्ला क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहे।

सत्र न्यायालय परिसर में स्व. शिवकुमार शुक्ला एडवोकेट स्मृति कक्ष में पुण्यतिथि कार्यक्रम आयोजित हुआ। अधिवक्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। रामावतार चौधरी, रामहरी शर्मा, अंगद सिंह जादौन, ओमप्रकाश सेठीया, अशोक श्रीवास्तव, सुरेश राजोरिया, देवेश चौधरी, रामनिवास भदोरिया आदि ने कहा कि शुक्ला न केवल कुशल वकील थे, बल्कि सामाजिक न्याय के मजबूत स्तंभ भी थे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट सुभाष राठौड़ ने, आभार एड. अरविंद शुक्ला ने ज्ञापित किया।

युवा नेता आलोक राकेश शुक्ला ने अपने बाबा स्व. शिवकुमार शुक्ला की पुण्यतिथि पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए। उन्होंने कहा, 'बाबा जी क्षेत्र की जनता के हर दुख-दर्द में खड़े रहते थे। विकास के लिए वे सदैव संघर्षरत रहे। उनकी प्रेरणा हमें नई दिशा देती है।' इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रोहित करैया, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुधा राठौर,मंडल महामंत्री अरविंद सिंह भदौरिया बीएमओ डॉ. अनिल शर्मा, संजय समाधियां, अवनीश त्यागी सहित सैकड़ों युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नगरपरिषद कार्यालय में हवन-पूजन के साथ पुण्यतिथि मनाई गई। भाजपा जिला मंत्री एडवोकेट सुभाष राठौर, नगरपरिषद अध्यक्ष पति पिंटू राठौर, सीएमओ महेश पुरोहित, पार्षद राकेश चौधरी, नरेंद्र मिश्रा, उदय सिंह गुर्जर, रमेश ओझा, केशव राठौर, प्रदीप शर्मा, हेमंत गुर्जर, गुटाली गुर्जर, सनी खटीक, मायाराम जाटव व कर्मचारी उपस्थित रहे। मेहगांव में विकास के लिए स्व. शुक्ला का संघर्ष आज भी प्रासंगिक है।

### नशा मुक्त भारत अभियान रथ ने दिया व्यसन मुक्त होने का संदेश

**मालनपुर, 13 मार्च।** ब्रह्माकुमारी संस्थान एवं राजयोग एजुकेशन रिसर्च फाउंडेशन के तहत तथा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मालनपुर एस आर एफ कंपनी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मालनपुर एवं तिलोरी गाँव, भारत मार्केट आदि जगहों पर यह कार्यक्रम किया गया। जिसमें नशा मुक्त अभियान रथ से अज्ञान नींद में सो रहे लोगों को कैसे ब्रह्माकुमारी बहने ज्ञान सुना के जगा रही है। ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने बताया जिस किसी को भी फ्री में दवा चाहिए, वह ब्रह्माकुमारी आश्रम मालनपुर में आए, परमात्मा का ध्यान सीखे एवं नशे की लत को मिटाने के लिए दवा भी प्राप्त करें।इसी कार्यक्रम में, ब्रह्माकुमार महेश भाई ने, उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति के नारे लगवाए तथा ब्रह्माकुमारी अनामिका एवं खुशबू बहन ने प्रतिज्ञा करवाई।

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति भिण्ड**
भारौली तिराहा, डायवर्सन रोड भिण्ड, जिला-भिण्ड (म.प्र.)
email Id:- mandibhind@gmail.com
क्रमांक/मंडी/स्टोर/2025-26/ भिंड दिनांक

**-:: नीलामी विज्ञप्ति ::-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति भिंड के नवीन मंडी प्रांगण में स्थित कैंटीन एवं भोजनालय का ठेका अनुबंध दिनांक से तीन वर्ष की अवधि के लिये दिया जाना है। इच्छुक व्यक्ति मंडी कार्यालय में दिनांक 14-03-2026 से 27-03-2026 तक मुहरबंद निविदा मंडी कार्यालय में जमा कर सकेंगे ।

अत : कैंटीन एवं भोजनालय ठेका अनुबंध प्राप्त करने हेतु इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त दिवस अवधि में मुहरबंद निविदा पत्र मय धरोहर राशि रुपये 1,00,000/- (एक लाख रुपये) बैंक ड्राफ्ट / आरटीजीएस / नगद जमा कर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेंगे प्राप्त मुहरबंद निविदा-पत्र दिनांक 30-03-2026 को अपराह 02 :00 बजे अधोहस्ताक्षरी के सम्मुख खोली जायेगी। कैंटीन एवं भोजनालय ठेका से संबन्धित शर्ते म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड के पत्र क्र/मंडी/प्रांगण/कार्ययोजना बिन्दु -63/209 भोपाल दिनांक 08-03-2019 अनुसार रहेंगी जिसका अवलोकन कार्यालयीन समय में अवकाश दिवसों को छोड़कर किया जा सकेगा।

**सचिव कृषि**
**उपज मंडी समिति भिंड**
**जिला-भिंड**

**भारसाधक अधिकारी**
**कृषि उपज मंडी समिति भिंड**
**जिला-भिंड**